P.V.G.'s

# Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

## Annual Examination (2024-25)

## Standard - VIII

**Subject - Hindi (Composite)** | **Marks - 25**

**Date - 03/04/2025** | **Time : 8.00 am to 9.30 am**

**सूचना – शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।**

**सूचनाएँ:**

१) **सूचना के अनुसार गद्‌य–पद्‌य की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।**

२) **सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।**


३) **शुद्‌ध, स्पष्ट भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।**

## विभाग १ - गद्‌य

**प्रश्न १ अ) पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

'बिनसर' अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्‌ध है। गाइड ने बताया – 'बिनसर' का अर्थ भगवान शिव है। सैकड़ों वर्ष पुराना नंदादेवी मंदिर अपनी दीवारों पर उकेरी गई मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर स्थित 'गणनाथ' एक प्रसिद्‌ध शिव मंदिर है। वहाँ से हम सब पहुँचे तीन सौ वर्ष पुराना सूर्य मंदिर देखने । कोणार्क के बाद देश का दूसरा महत्त्वपूर्ण सूर्य मंदिर है। यह अल्मोड़ा से सत्रह किमी की दूरी पर है। कुमाऊँ के लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक है गोलू चितई मंदिर। इस मंदिर में पीतल की छोटी–बड़ी घंटियाँ टँगी मिलती हैं। वहाँ से हम 'जोगेश्वर' मनोहर घाटी, जो देवदार के वृक्षों से ढँकी है, देखने गए। अल्मोडा सुंदर, आकर्षक और अद्‌भुत है इसीलिए उदयशंकर ने अपनी 'नृत्यशाला' यहीं बनाई थी। वहाँ विश्वविख्यात नृत्यकार शिशुओं ने नृत्य कला की प्रथम शिक्षा ग्रहण की थी। उदयशंकर की तरह विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर को भी अल्मोड़ा पसंद था। विश्व में वेदांत का शंखनाद करने वाले स्वामी विवेकानंद अल्मोड़ा मे आकर अत्यधिक प्रसन्न हुए। उन्हें यहाँ आत्मिक शांति मिली थी।

१) **आकृति पूर्ण कीजिए ।** (२)



**२) गद्यांश में आए इन विरामचिह्नों के नाम लिखिए।** **(१)**

| विरामचिह्न | नाम |
|---|---|
| अ) । | |
| ब) ‘ ’ | |

**३) स्वमत** **(२)**

‘बिनसर’ के मंदिरों का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

## विभाग २ - पद्य

**प्रश्न २ पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

‘वे मरकर भी अमर हैं, प्यार है तप–त्याग से जिनको,
चला जाता है जब इनसान, तब बलिदान रहता है।

मेरे भी पास यादों और सपनों के खजाने हैं,
भिखारी के भी घर में कुछ सामान रहता है।

जरूरी है करे नेकी तो खुद दरिया में डाल आए,
निराशा उसको होती है जो आशावान रहता है।

ये दुनिया धर्मशाला है, यहाँ बस आना–जाना है,
यहाँ ऐसे रहो जैसे कोई मेहमान रहता है।

**१) एक शब्द में उत्तर लिखिए।** **(१)**

१) दुनिया को कवि ने क्या कहा है ?

२) कवि के पास कौन–से खजाने है ?

**२) i) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।** **(१)**

१) दुनिया = ______

२) घर = ______

**ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **(१)**

१) निराशा X [ ]

२) पास X [ ]

**३) 'जरूरी है करे नेकी तो खुद दरिया में डाल आए,**
**निराशा उसको होती है जो आशावान रहता है।''**

इन पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में ६-८ पंक्तियों में लिखिए। **(२)**

## विभाग - ३ व्याकरण

**प्रश्न ३ सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**१) मानक वर्तनी के अनुसार उचित शब्द चुनकर लिखिए।** **(१)**

अ) खुशीयाँ / खुशियाँ / खूशियाँ = [ ]

ब) परिक्षा / परीक्षा / परिक्शा = [ ]

**२) निम्नलिखित अव्यय शब्द का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(२)**

१) और

२) धीरे-धीरे

**३) निम्नलिखित वाक्य में काल पहचानकर उसका भेद लिखिए।** **(१)**

१) सभी अंधों में काना राजा बनने की कोशीश कर रहे थे।

**४) सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए। (सा. भविष्यकाल)** **(१)**

१) हम अल्मोड़ा पहुँचे।

**५) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उसका अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(२)**

१) कंधे-से-कंधा मिलाना

२) कमर कसना

## विभाग - ४ उपयोजित लेखन

**कृति ४ अ) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।** **(४)**

१) आनंद / आनंदी पाटील, विजयराज कॉलोनी, पांडवनगर, पुणे से अपने नाना-नानी समीर और संजना जमादार, शुक्रवार पेठ, सांगली को गर्मियों की छुट्टियों में अपने घर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखता / लिखती है ।

**अथवा**

हर्ष / हर्षा अग्रवाल, माधवबाग कोल्हापूर से व्यवस्थापक क्वालिटी स्पोर्ट्स, अप्पा बलवंत चौक, पुणे को क्रिकेट खेल की सामग्री मँगाते हुए पत्र लिखता / लिखती है।

(बल्ला, गेंद, हेलमेट, स्पोर्ट्स शूज, स्टंप आदि)

**कृति ४ आ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ६०-७० शब्दों में निबंध लिखिए।** **(४)**

१) मेरी माँ

२) रंगो का त्योहार - 'होली'

३) व्यायाम का महत्त्व

■ ■ ■



■ ■ ■